KEEPING SAFE
CHILD PROTECTION CURRICULUM

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

Hindi

The Keeping Safe: Child Protection Curriculum (KS:CPC) का अर्थ जन्म से कक्षा 12 (आयु 17+) तक के बच्चों और युवाओं के लिए बाल सुरक्षा और सम्मानजनक संबंधों की शिक्षा है। इसे स्कूलों और प्रीस्कूलों में उन शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाता है जिन्होंने आवश्यक प्रशिक्षण पूरा किया होता है।

KS:CPC को साउथ ऑस्ट्रेलिया में शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किया गया था और अपने विषय-वस्तु की गहराई, शिक्षण के विस्तार और समकालीन प्रकृति के कारण इसे बहुत उच्च स्तर का माना जाता है।

KS:CPC बच्चों और युवाओं की सहायता करता है कि वे:

- यह समझें कि उन्हें सुरक्षित रहने का अधिकार है
- दुर्व्यवहार और असुरक्षित स्थितियों की पहचान करते हैं
- अपने आप को सुरक्षित रखने में सहायता देने के लिए कार्यनीतियाँ विकसित और लागू करें
- सहायता लेने का प्रयास करें और सूचना दें।

सभी बच्चों और युवाओं के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए शिक्षा सर्वोपरि है और यह उन्हें अपनी सुरक्षा तथा दूसरों की सुरक्षा के लिए पक्ष-समर्थन करने के लिए सशक्त करती है।

माता-पिता और देखभालकर्ताओं को KS:CPC को लागू करने के संबंध में अपनी संतान के स्कूल या प्रीस्कूल से बात करने के लिए बढ़ावा दिया जाता है।

KS:CPC का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित पेज़ पर प्रदान किया गया है।

अतिरिक्त जानकारी के लिए, इस वेबसाइट का संदर्भ करें: www.kscpc.sa.edu.au/parent-carer-information.

माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए संसाधन

- Australian Centre to Counter Child Exploitation: www.accce.gov.au
- Child Helpline International (ऑस्ट्रेलिया के बाहर के स्कूलों के लिए): www.childhelplineinternational.org
- Consent can't wait (ऑस्ट्रेलियाई सरकार): www.consent.gov.au
- eSafety कमीशनर – माता-पिता के लिए जानकारी: www.esafety.gov.au/parents
- Kids Helpline – माता-पिता के लिए जानकारी: www.kidshelpline.com.au/parents
- राष्ट्रीय यौन उत्पीड़न, घरेलू एवं पारिवारिक हिंसा सलाह-मशविरा सेवा: www.1800respect.org.au
- Parent easy guides (Parenting SA): www.parenting.sa.gov.au/easy-guides
- Raising children network: www.raisingchildren.net.au
- Youth Law Australia: www.yla.org.au

KS:CPC विषय

दो विषय मुख्य सिद्धांतों और पाठ्यक्रम की मुख्य समझबूझ पर केन्द्रित हैं:

- हम सभी को सुरक्षित होने का अधिकार है।
- जिन लोगों पर हम भरोसा करते हैं उनसे बात करके हम अपने आपको सुरक्षित रहने में मदद कर सकते हैं।

KS:CPC का संक्षिप्त विवरण

KS:CPC जन्म से लेकर कक्षा 12 (आयु 17+) तक के बच्चों और युवाओं के लिए आयु तथा विकासात्मक तौर पर उचित तरीकों में बाल सुरक्षा तथा सम्मानजनक संबंधों (ऑनलाइन सहित) पर ध्यान देता है।

सुरक्षित रहना	• KS:CPC के दो विषयों को समझना। • भरोसेमंद लोगों और सहायता सेवाओं की पहचान करना ताकि उनसे सहायता ली जा सके।
अधिकार और जिम्मेदारियाँ	• हर किसी के अधिकार और जिम्मेदारियाँ होती हैं। • गोपनीयता, व्यक्तिगत स्थान और सीमाएँ। • लैंगिक रूढ़िवादिता किस प्रकार व्यक्तियों और समाज को प्रभावित कर सकती है।
सुरक्षित और असुरक्षित	• असुरक्षित स्थितियों के संकेतकों के तौर पर चेतावनी संकेत। • असुरक्षित स्थितियों पर प्रतिक्रिया करने की कार्यनीतियाँ। • स्थितियों को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद देने के लिए जोखिम का प्रबंधन।
भरोसेमंद नेटवर्क (संपर्क)	• भरोसेमंद व्यक्ति के गुण। • लोगों और सहायता सेवाओं का भरोसेमंद नेटवर्क विकसित करना। • भरोसेमंद लोगों और सहायता सेवाओं तक पहुँच कैसे प्राप्त करें।
सम्मानजनक संबंध	• स्वस्थ, अस्वस्थ और अपमानजनक संबंधों की विशिष्टताएँ। • संबंधों के बीच अधिकार और जिम्मेदारियाँ। • सहमति तथा विभिन्न संदर्भों में कार्यनीतियाँ लागू करना।
संबंधों में ताकत	• ताकत का सकारात्मक प्रयोग और दुरूपयोग। • संबंधों में नुकसानदायक व्यवहार, इनमें बुलिंग (डराना-धमकाना) और घरेलू तथा पारिवारिक हिंसा शामिल है। • नुकसानदायक व्यवहारों पर ध्यान देने की कार्यनीतियाँ।
शरीर के अंग और स्पर्श	• शरीर के अंगों के सही नाम और स्थान। • पूरा शरीर ही निजी है। • सुरक्षित, असुरक्षित और अनचाहा स्पर्श।
दुर्व्यवहार को समझना	• नुकसान, दुर्व्यवहार (शारीरिक, यौन, भावनात्मक) और उपेक्षा। • दुर्व्यवहार और असुरक्षित स्थितियों की सूचना देने के लिए कार्यनीतियाँ। • दूसरों की मदद करते समय मदद करने वाले व्यक्ति के लिए सुरक्षित व्यवहार।
कार्यनीतियाँ	• प्रतिरोधक्षमता, अटलता और दृढ़ता। • सुरक्षा को बढ़ाने के लिए सुरक्षात्मक कार्यनीतियाँ।
सहायता लेने का प्रयास करना	• नियमित रूप से भरोसेमंद नेटवर्कों की समीक्षा करना। • भरोसेमंद लोगों तथा सहायता सेवाओं से सहायता लेने का प्रयास करना, आपातकालीन स्थितियों सहित।